निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाड़ा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

एक नदी मिस
देशबन्धु

गीत गजल संध्या में गजल सम्राट अश्वनी कुमार आयेंगे

निनाद ललित कला समिति द्वारा भव्य विभूति सम्मान समारोह होगा

छिन्दवाड़ा (देशबन्धु)। निनदा कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गीत गजल संध्या २८ फरवरी दिन शुक्रवार को रात्रि ९ जे स्थानीय लालबहादूर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की



गयी हैं। इस वर्ष इस कार्यक्रम में हिन्दुस्तान क मशहूर गजल गायक अश्वनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे उनके साथ एस.आर. शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार तथा तबला संगत सतीश मिश्रा करेंगे। यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन का १३ वा वर्ष हैं।

आनंद बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर छिन्दवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरवान्ति करने वाली विभूतियों का सम्मान होगा तथा स्वर्गीय नजीरूद्दीन चच्चा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जावेगा।

आनंद बक्षी ने बताया कि नवीन दूगड़ को कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जावेगा। नवीन दूगड़ कैंसर कर्क रोग का पिछले लम्बे समय से सफलता पूर्वक उपचार कर रहे है। विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व, विज्ञान गोष्ठियों में प्रभावशील उद्बोधन तथा वैज्ञानिक साहित्य में उल्लेखनीय लेखों के लिए सम्मानित किया जावेगा। चिकित्सा एवं समाज सेवा के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर डॉ. आर.एच. बग्गा को उनकी चिकित्सीय सेवाऐं रोटरी क्लब के माध्यम से स्वस्थ्य शिविरों के सफल संचालन हेतु सम्मानित किया जावेगा। महिला जागृति एवं समाज सेवा में लम्बे समय से कार्यरत विस्मिता शाह को उनके महिला उत्थान कार्यक्रमों तथा दीन दुख्यिों की सेवा के लिए सम्मानित किया जावेगा। उर्दू साहित्य के मशहूर शायर मोहम्मद यूनूस को गजल लेखन एवं धार्मिक उर्दू शायरी नात, हम्द तथा मुशायरों में शिरकत कर अपनी शायरी से उर्दू अदब की सेवा के लिए सम्मानित किया जावेगा। प्रतिवर्ष स्वर्गीय नजीरूद्दीन चच्चा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष भी यह सम्मान तरंग परिहार को मार्टल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा प्रदेशिक स्तर पर स्वर्ण पदक सहित अनेक पुरूस्कार प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया जावेगा।

निनाद कला समिति के आशीष त्रिपाठी, राशिद खान, हाजी नसीमुद्दीन खान, जेडं अली, राजू निमाड़े, सुरेश डेहरिया ने सभी संगीत प्रेमियों से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया हैं।

योगमाया ट्रेडर्स २३०-८९०